कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो ।

टिप्पण 2.- पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे ।

टिप्पण 3.- प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष या सेवा निवृत्ति की आयु जो भी पहले हो से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पण 4.- प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी |”

(ख) अनुसूची 4 और अनुसूची 5 के स्थान पर निम्नलिखित अनुसूचियाँ प्रतिस्थापित की जाएँगी; अर्थात:-

**“अनुसूची –4**

**कर्मचारिवृंद काडर**

| **क्रम सं.** | **पद का नाम** | **पदों की संख्या*** | **वर्गीकरण** | **वेतन मैट्रिक्स में स्तर** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक | 01 | समूह ‘ख’ अराजपत्रित | स्तर-6<br>(35400-112400 रु) |
| 2. | लेखाकार | 01 | समूह ‘ख’ अराजपत्रित | स्तर-6<br>(35400-112400 रु) |
| 3. | निजी सचिव | 02 | समूह ‘ख’ अराजपत्रित | स्तर-6<br>(35400-112400 रु) |
| 4. | अन्वेषक या क्षेत्रीय अधिकारी | 03 | समूह ‘ग’ | स्तर-5<br>(29200-92300 रु) |
| 5. | वैयक्तिक सहायक या आशुलिपिक | 01 | समूह ‘ग’ | स्तर-4<br>(25500-81100 रु) |
| 6. | चालक | 01 | समूह ‘ग’ | स्तर-2<br>(19900-63200 रु) |
| 7. | बहु कार्य कर्मचारिवृंद | 02 | समूह ‘ग’ | स्तर-1<br>(18000-56900 रु) |

*कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।

**अनुसूची -5**

**भर्ती की पद्धति**

| **क्रम सं.** | **पद का नाम** | **भर्ती की पद्धति** | **अर्हता या अनुभव** | **सीधी भर्ती के लिए आयु** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक | आमेलन या प्रतिनियुक्ति या सीधी भर्ती | **प्रतिनियुक्ति के लिए:**<br>(i) केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार या केन्द्रीय और राज्य पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या स्वायत्त या कानूनी निकायों के ऐसे अधिकारी जिन्होंने सदृश पद धारण किया हुआ है; या | 30 वर्ष से अनधिक |

